C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में रविवार
सायं 7:07 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में सोमवार
सुबह 5:13 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 15 अंक 303 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. रविवार, 2 जून 2024

सौरव गुप्ता के आरोपों पर सनी... पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### स्पोर्ट्स हास्टल में प्रवेश को ट्रायल 14 जून से

**हल्द्वानी।** खेल निदेशालय के तत्वावधान में आवासीय क्रीड़ा हास्टल में प्रवेश के लिए जिला स्तरीय ट्रायल 14 व 15 जून को सुबह सात बजे से गौलापार स्टेडियम में लिया जाएगा। इसमें फुटबाल, बाक्सिंग, एथलेटिक्स व बैडमिंटन में बालक-बालिका, हाकी में बालिका व वॉलीबाल व क्रिकेट बालक वर्ग है। इच्छुक 12 से 16 वर्ष आयु वाले खिलाड़ी अपना आधार कार्ड, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, विद्यालय कक्षा प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र व मेडिकल रिपोर्ट साथ में लाना अनिवार्य है। प्रवेश फार्म स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी से कल तीन जून से सुबह 10 से शाम पांच बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं।

### खेत में पानी लगाने गए मामा-भांजा की करंट लगने से मौत

**रुद्रपुर।** थाना दिनेशपुर क्षेत्र में खेत में पानी लगा रहे मामा भांजे की करंट लगने से मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के मुताबिक दिनेशपुर के चंडीपुर निवासी 52 वर्षीय मनीपद और 55 वर्षीय राज बिहारी एक खेत पर बटाई का काम करते थे, दोनों रिश्ते में मामा भांजा लगते थे। कल शाम को दोनों घर से खेत पर गये थे। बताया जाता है कि देर तक घर नहीं पहुंचे। रविवार की सुबह 4 बजे कुछ लोग खेत पर गए। उन्होंने दोनों को पानी में पड़ा देखा। खेत में लगी मोटर की तार पानी में गिरी थी। दोनों की पानी में करंट आने से मौत होने की बात बताई गई। दोनों की मौत की खबर गांव में पहुंची तो गांव में हड़कंप मच गया। गांव से लोग खेत पर पहुंचे। बताया जाता है कि दोनों अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दोनों मृतको के दो दो बच्चे हैं।

# सीएम धामी ने की कुमाऊं मण्डल में विकास कार्यों की समीक्षा

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एफटीआई सभागार हल्द्वानी में मानसखंड मन्दिर माला के अंतर्गत कैंची धाम में आयोजित होने वाले मेले की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कुमाऊँ मण्डल में पेयजल, विद्युत आपूर्ति सहित विभिन्न विकास कार्यों की भी समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंची धाम में आने वाले पर्यटकों की संख्या में हर रोज इजाफा हो रहा है। इसके लिए जिलाधिकारी नैनीताल को पर्यटन विभाग के माध्यम से कैंची धाम में यात्रियों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था चालू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य सभी यात्रा मार्गों में यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसके लिए यात्रा प्राधिकरण बनाया जाएगा जिसका उद्देश्य पर्यटकों और यात्रियों को अधिकतम सुविधाएं प्रदान करना होगा। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को यात्रा मार्ग में बनाई जाने वाली संरचना, सुविधाओं आदि के प्रपोजल भी भेजने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता और पेयजल योजना में लगने वाले पाइपों की मोटाई मानकों के अनुरूप ने होने की शिकायतों पर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाय। इस संबंध में कुमाऊं मण्डल के सभी डीएम को उन्होंने 05 करोड़ से अधिक लागत की कतिपय योजनाओं के भौतिक सत्यापन हेतु स्थलीय निरीक्षण के निर्देश भी दिए। साथ ही कुमाऊं आयुक्त को योजनाओं की मॉनिटरिंग करने और लापरवाही पाए जाने पर सम्बंधित के विरुद्ध कारवाई की संस्तुति के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं में हीलाहवाली और लीपापोती किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी वंदना सिंह ने जानकारी दी कि कैंची धाम के मेले के लिए जिला और पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। स्थाई और अस्थाई तौर पर 11 पार्किंग तैयार की गई है जिसकी क्षमता लगभग 1500 से 2 हजार वाहनों की होगी।

बैठक में विधायक दीवान सिंह बिष्ट, सरिता आर्या,मण्डी परिषद अध्यक्ष डा0 अनिल कूपर डब्बू, दर्जा राज्यमंत्री दीपक मेहरा,जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, निवर्तमान मेयर डॉ जोगेन्दर पाल सिंह रौतेला, आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत, डीआईजी योगेन्द्र रावत, जिलाधिकारी वंदना, एसएसपी पीएन मीणा, मुख्य वन संरक्षक पीके पात्रो, मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, मुख्य अभियंता एस के विकास, ए के कटारिया के साथ ही जलसंस्थान,विद्युत,लोनिवि के मण्डल स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

लखीमपुर में बड़ा हादसा, पति समेत दो घायल

# हाईवे पर ट्रक में पीछे से घुसी कार महिला समेत दो बेटों की हुई मौत

**लखीमपुर**

**एजेंसी**



लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी क्षेत्र में रविवार सुबह करीब 10 बजे शाहजहांपुर मार्ग पर कार और रोडवेज बस की टक्कर हुई थी। वहीं एक घंटे बाद उचौलिया थाना क्षेत्र में बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में महिला और उसके दो बेटों की मौत हो गई। जबकि पति समेत दो घायल हुए हैं।

लखीमपुर खीरी जिले में रविवार को एक और बड़ा हादसा हो गया। उचौलिया थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर पेट्रोल पंप के निकट रविवार को सुबह करीब 11 बजे एक कार नियंत्रित होकर पीछे से कंटेनर में जा घुसी। हादसे में लखनऊ की महिला और उसके दो बच्चों की मौत हो गई। उसके पति समेत दो लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। इनकी हालत नाजुक बताई गई है। उचौलिया थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर जलालाबाद में पेट्रोल पंप के पास कार पीछे से कंटेनर में जा घुसी। भीषण हादसे में कार सवार लखनऊ के इंदिरा नगर थाना क्षेत्र के कुर्मांचल नगर निवासी दिनेश चंद्र उपाध्याय की पत्नी विमला उपाध्याय (60 वर्ष), उनके पुत्र दीपक उपाध्याय (40 वर्ष), राजीव उपाध्याय (35 वर्ष) की मौत हुई है । दिनेश चंद्र उपाध्याय और उनकी भाभी विमला उपाध्याय (60 वर्ष) पत्नी बुद्धि बल्लभ उपाध्याय घायल हुई हैं। इन्हें जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया गया है। सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार ने शाहजहांपुर पहुंचकर घायलों का हाल जाना। बताया जा रहा है कि कार सवार परिवार लखनऊ से उत्तराखंड के रुद्रपुर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शी अवनीश कुमार के मुताबिक तेज रफ्तार कार लखनऊ की तरफ से आ रही थी।

कार अचानक अनियंत्रित होकर पहले डिवाडर से टकराई, फिर दूसरी दिशा में जाकर पीछे से कंटेनर में जा घुसी। यह भी बताया जा रहा है कि सामने से आ रहे ई-रिक्शा को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हुई है।

# एक घंटे में 1800 श्रद्धालुओं को कराए जाएंगे बाबा केदार के दर्शन

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

श्रद्धालुओं की भीड़ के हिसाब से धाम में समिति द्वारा एक घंटे में 1800 से अधिक श्रद्धालुओं को दर्शन कराए जाएंगे। साथ ही बाबा केदार के भक्त अपने अराध्य के श्रृंगार दर्शन रात्रि 12 बजे तक कर सकेंगे।

केदारनाथ यात्रा में जून में आस्था का सैलाब फिर से उमड़ने की उम्मीद है, जिसे देखते हुए बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने अपनी कार्ययोजना तैयार कर ली है। श्रद्धालुओं की भीड़ के हिसाब से धाम में समिति द्वारा एक घंटे में 1800 से अधिक श्रद्धालुओं को दर्शन कराए जाएंगे। साथ ही बाबा केदार के भक्त अपने अराध्य के श्रृंगार दर्शन रात्रि 12 बजे तक कर सकेंगे। 0 मई को शुरू हुई केदारनाथ यात्रा में इस माह के 22 दिनों में रिकार्ड 5,88,790 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं, जबकि वर्ष 2022 में मई के 31 दिनों में धाम में 5,54,671 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे। वहीं, स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश और सरकार द्वारा ऑफलाइन पंजीकरण शुरू होने के बाद से आगामी सप्ताह से केदारनाथ में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने की उम्मीद है। बीकेटीसी ने केदारनाथ में दर्शन व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए योजना बनाई है। समिति एक दिन में 36 हजार श्रद्धालुओं को दर्शन कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है। समिति के अनुसार, श्रद्धालुओं की भीड़ के हिसाब से एक घंटे में 1800 से 2100 श्रद्धालुओं को दर्शन कराए जाएंगे। जून में धर्म दर्शन सुबह 4.30 बजे से शुरू कर दिए गए हैं, जो अपराह्न 3.30 बजे तक हो रहे हैं। इसके बाद आधे घंटे बाबा केदार को बाल भोग लगाया जा रहा है, जिसके तहत मंदिर को बंद किया जा रहा है। गर्भगृह की साफ-सफाई के बाद शाम चार बजे से पुन: धर्म दर्शन कराए जा रहे हैं, जो शाम सात बजे तक हो रहे हैं। सायंकालीन आरती के साथ बाबा केदार के श्रृंगार दर्शन शुरू होंगे, जो रात 12 बजे तक कराएं जा रहे हैं। रात 12 से सुबह चार बजे तक भक्तों की पूजाएं संपादित की जा रही हैं। केदारनाथ में यात्रा के सफल संचालन के लिए बीकेटीसी के 80 कर्मचारी रोटेशन के हिसाब से आठ-आठ घंटे की ड्यूटी देते हुए बाबा के भक्तों को दर्शन कराने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# दिल्ली से लौट रही रोडवेज वाल्वो का एसी खराब, यात्रियों का हंगामा

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

भीषण गर्मी में उत्तराखंड परिवहन निगम के काठगोदाम डिपो से संचालित वाल्वो बसों के एसी या तो दगा दे रहे हैं या काम ही नहीं कर रहे हैं। ऐसे में यात्री आये दिन निगम के पोर्टल में शिकायत दर्ज करा रहे हैं। वहीं निगम के अधिकारी इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

बीती शुक्रवार की रात करीब 12 बजे काठगोदाम डिपो की वाल्वो 42 यात्री को लेकर हल्द्वानी के लिए चली लेकिन बस 20 किलोमीटर का सफर ही तय कर पाई थी एसी ने काम करना बंद कर दिया। लंबा समय बीतने के बावजूद ऐसी सही नहीं हुआ तो यात्रियों ने बस के भीतर ही हंगामा शुरू कर दिया। इस पर परिचालक ने डिपो के अधिकारियों से बात कर यात्रियों कुछ राशि रिफंड की। इस दौरान गर्मी में यात्रियों ने रुद्रपुर व हल्द्वानी तक जैसे-तैसे सफर किया। बताया गया कि यह वाल्वो दिल्ली से वापसी करने के बाद दोपहर में डेढ़ बजे फिर दिल्ली जाती है लेकिन शनिवार को ढाई बजे तक बसअड्डे में यह वाल्वो नहीं पहुंच पाई थी। इसे लेकर भी वाल्वो में बुकिंग कराने वाले यात्रियों ने हंगामा काटा। कुछ देर बाद निगम प्रबंधन ने यात्रियों के आक्रोश को देखते हुए दिल्ली से वापसी कर पहुंची वाल्वो को पुन: दिल्ली मार्ग पर भेजा। इधर कर्मचारियों संगठनों ने अनुबंधित वाल्वो बसों की मेंटीनेंस व रखरखाव पर सवालिया निशान लगाये हैं। उन्होंने रोडवेज अफसरों पर इस मामले की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वाल्वो बसों के मालिकों को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

# सीएम धामी ने बिजली, पेयजल, सड़कों की व्यवस्थाओं की ली जानकारी

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एफटीआई हल्द्वानी से वर्चुअल बैठक लेते हुए मंडल की विद्युत,पेयजल व सड़कों की स्थिति की जानकारियां ली। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जनता को सुचारू पेयजल, विद्युत देना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजनाओं में पाईपलाईन की मोटाई मानकों के अनुसार नहीं होने कि शिकायत आ रही हैं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को जांच कराने के निर्देश दिये। साथ ही सरकारी कार्यालयों में सौर ऊर्जा प्लांट स्थापना के भी निर्देश दिये। डीएम उदयराज सिंह ने बताया कि घरेलू विद्युत सप्लाई ठीक 23 घंटे हो रही है। जबकि उद्योग क्षेत्र में 23:30 घंटे उपलब्ध कराई जा रही है। पेयजल हेतु 11548 हैंडपम्प सुचारू है जबकि 550 हैंडपम्प खराब है जिनमें से 50 को ठीक कराया जा रहा है।उन्होंने बताया कि 55 वाटर टैंकर निकायों के पास है जिनसे पानी की सप्लाई की जा रही है, साथ ही 843 वाटर कूलरों द्वारा पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है व निकायों द्वारा प्याऊ भी लगाये गये है। जल जीवन मिशन (जेजेएम) के अंतर्गत 333 योजनाएं में से 197 पूर्ण हो गए है व 50 योजनाएं जून मे पूर्ण कर ली जायेगी व शेष सभी योजनाएं जुलाई में पूर्ण होंगी। जनपद में बाढ़ सुरक्षा कार्य किये जा रहे है जिसके तहत नदी-नलों की डिसिल्टिंग व सफाई कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद मे 15 सरकारी कार्यालयों में सौलर पैनलों की स्थापना हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।

**बैठक**

- **हल्द्वानी दौरे पर आए सीएम ने मंडल की वर्चुअल बैठक ली**

बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी उमेश तिवारी, एडीएम अशोक कुमार जोशी,अधीक्षण अभियन्ता विद्युत चन्द्रशेखर त्रिपाठी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ज्योति पालनी आदि थे।

# होटल स्वामी की मांग को अनदेखा करने पर कोतवाली घेरी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

मल्लीताल कोतवाली बीते कुछ महीनों से लगातार सुर्खियों मे बनी हुई है। नगर के व्यापारिक संगठन कई बार विभिन्न मुद्दों को लेकर कोतवाली का घेराव कर चुके हैं वहीं शनिवार को होटल स्वामी की मांग को अनदेखा करने के विरोध में व्यापारियों ने कोतवाली का घेराव किया।

बगड़ के होटल ओकनट के स्वामी हर्ष छावड़ा ने कहा कि गाजियाबाद से दो दिन के लिए 12 लोगों का एक ग्रुप उनके होटल में रुका हुआ था और उन्होंने होटल का 65 हजार का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया गया,जो प्रक्रिया में चल रहा था लेकिन उनके अकाउंट में आया नहीं था फिर अचानक ग्रुप होटल छोडक़र भाग चुका था। होटल स्वामी ने उनका पीछा कर उनको बारापत्थर में रोक लिया और एक



लिखित शिकायत लिखते कोतवाली पहुंचे लेकिन कोतवाल ने उनके ऊपर कोई कार्रवाई करने के बजाय उनको जाने दिया गया जिसको लेकर नगर के सभी व्यापारिक संगठन एकत्र होकर शनिवार को कोतवाल का घेराव करने पहुंचे। इस दौरान काफी देर तक जुबानी झड़प के बाद कोतवाल ने आश्वासन दिया कि अगर 72 घंटे के अंदर पैसे अकाउंट में नहीं आएंगे तो उसका भुगतान कोतवाल स्वयं करेंगे। इस दौरान होटल एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट,मां नयना देवी व्यापार मंडल अध्यक्ष पुनीत टंडन, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष सचिन नेगी,मल्लीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष किशन नेगी, महासचिव त्रिभुवन सिंह फ र्त्याल,तल्लीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष मारुति साह समेत जीनू पांडे,मनोज जगाती,राजेश वर्मा,सुमित जेठी तथा सूरज पांडे आदि मौजूद रहे।

**बैठक**

- 12 लोगों का एक ग्रुप उनके होटल में रुका हुआ था
- ग्रुप के होटल छोडक़र भागने पर होटल स्वामी ने उनका पीछा कर उनको बारापत्थर में रोक लिया
- जुबानी झड़प के बाद कोतवाल ने आश्वासन दिया

## पांच को विशाल वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान का आयोजन

**नैनीताल** । सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आदेशानुसार संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा संयुक्त राष्ट्र की थीम बीट प्लास्टिक पोल्युशन के विषय अनुरूप 5 जून (बुधवार) को संपूर्ण भारतवर्ष के पर्वतीय पर्यटक स्थलों पर विशाल वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान का आयोजन कर रहा है। संत निरंकारी चैरिटेबल फ ाउंडेशन के सचिव जोगिंदर सुखीजा तथा नैनीताल जोन के जोनल इंचार्ज (सेनि) जसबिंदर सिंह ने बताया 5 जून को संत निरंकारी चैरिटेबल फ ाउंडेशन द्वारा नैनीताल में भी एक विशाल स्वच्छता अभियान का आयोजन पुरे शहर भर में चलाया जायेगा जिसके लिए मिशन द्वारा शहर के कुछ विशेष स्थान चयनित किये गए हैं जिसमे नैनीताल फ्लैट मैदान,तल्लीताल, मल्ली ताल तथा नैना मंदिर,स्नो व्यू पॉइंट,सूखाताल, राजभवन मार्ग आदि स्थानों कि मिशन के हजारों वालंटियर द्वारा साफाई करके लोगो को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का सन्देश दिया जायेगा।



## अवैध रूप से जू शटल सेवा का संचालन, पालिका को भनक भी नहीं

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के जू शटल सेवा की टेंडर सीमा समाप्त होने के बाद भी संचालक द्वारा अवैध रूप से शटल सेवा का संचालन किया जा रहा था,जिसकी पालिका को भनक भी नहीं थी,हालांकि देर शाम तक पालिका ने संचालन बंद करा दिया था।

बता दें कि नगर में इन दिनों पर्यटन सीजन अपनी चरम सीमा पर है और हर रोज हजारों की संख्या में सैलानी जू पहुंच रहे है ऐसे में अब टेंडर प्रक्रिया शुरू होने तक शटल सेवा का संचालन कौन करेगा इस पर पालिका ने अभी कोई निर्णय नहीं लिया है। बता दे कि बीते वर्ष जू शटल सेवा का टेंडर 40 लाख रुपये में शुभमन साह के नाम हुआ था जिसका समय 31 मई शुक्रवार को समाप्त हो चुका था लेकिन संचालक द्वारा शनिवार को भी अवैध रूप से शटल सेवा का संचालन किया जा रहा था जिसको लेकर प्रभारी ईओ अतुल भंडारी ने कहा कि शनिवार देर शाम तक संचालन बंद करा दिया गया है। कहा कि चार जून को आचार संहिता खत्म होने के तुरंत बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## साइमा ने पीएचडी की अंतिम मौखिक परीक्षा दी, शोध कार्य संपन्न

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग में शोध छात्रा साइमा अल्ताफ ने अपनी पीएचडी की अंतिम मौखिक परीक्षा दी । साइमा ने स्टडीज ऑन डायवर्सिटी एंड सीजनल वैरिएशन ऑफ एक्वेटिक हाइपोमाइसेट्स इन नंधौर रिवर एंड देयर रोल एज प्लांट ग्रोथ प्रमोटर्स विषय पर शोध कार्य किया।

बता दें कि कश्मीर निवासी साइमा ने आईपीपीजीपीजी महिला कॉलेज की डॉ. सरस्वती बिष्ट के निर्देशन में अपना शोध कार्य संपन्न किया । विभागाध्यक्ष प्रो एसएस बरगली द्वारा संपन्न कराई गई तथा एक्सपर्ट डॉक्टर सुच्ची श्रीवास्तव वरिष्ठ वैज्ञानिक एनबीआरआई लखनऊ रही। मौखिक परीक्षा ऑनलाइन संपन्न हुई, जिसमें निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय प्रो .ललित तिवारी समेत प्रो. सुषमा टम्टा,प्रो नीलू लोधियाल, डॉक्टर कपिल खुलबे,डॉक्टर नवीन पांडे ,डॉक्टर प्रभा पंत व रुचि जलाल,अर्चना फ र्तियाल, गीतांजलि व हिमानी वर्मा व चारू आदि उपस्थित रहे।



## NEWS / फटाफट

### पर्यावरण स्वच्छता व पानी बचाने को जन जागरूकता अभियान

**नैनीताल।** नगर के सेंटलू वन बीट के बिडला चुंगी पुराना राजभवन (स्नोव्यू क्षेत्र) में मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण संरक्षण स्वच्छता और पानी बचाने के लिए जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नैनीताल वन प्रभाग के तहत नगर पालिका वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार तिवारी के नेतृव में किये गए इस आयोजन में संतोष जोशी व बिमला नगरकोटी वन दारोगा, हेमा बिष्ट, कु मनिषा नेगी वन रक्षक, नंदन दानू, आनंद लाल श्रमिक तथा कृपाल सिंह बिष्ट,मुन्नी देवी, नीतू बिष्ट, बिरेंद् सिंह, गोपाल सिंह, भावना जोशी तथा अंबिका देवी आदि स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

### लेक सिटी वेलफेयर क्लब की सदस्य लीला का निधन



**नैनीताल।** लेक सिटी वेलफेयर क्लब की सदस्य लीला जोशी (65 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। क्लब के सभी सदस्यों ने इस असामयिक घटना पर दु:ख प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि दी और भगवान से इस दु:खद घड़ी में परिवारजनों को यह दु:ख सहने की प्रार्थना की। शोक प्रकट करने वालों में क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौंडियाल, सचिव दीपा पांडे समेत अन्य पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे।

### सरकारी सम्पत्ति का डिजिटल मैप बनाने की कवायद शुरू

**नैनीताल।** अब विश्व बैंक के सहयोग से निकायों के अधीन निजी और सरकारी सम्पत्ति का ब्योरा डिजिटल माध्यम से लोगों के लिए उपलब्ध रहेगा। बता दें कि निकायों में निजी और सरकारी सम्पत्ति का डिजिटल मैप बनाने की कवायद शुरू हो गई है। कार्य पूरा होने पर इसको साफ्टवेयर पर अपलोड कर दिया जायेगा। मामले में सुपरवाईजर बृज पाल सिंह ने बताया कि काशीपुर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और नैनीताल में मार्च 24 से सर्वे का कार्य शुरु हो गया है, कार्य पूर्ण होने में लगभग तीन से चार माह का समय लगेगा। कार्य पूर्ण होते ही पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा। बताया कि निकाय के अन्तर्गत आने वाले व्यक्तियों के मकानों की फोटो, कमरों की संख्या तथा क्षेत्रफ ल की माप की जानकारी भी नक्शे में दर्ज कर दी जायेगी। नैनीताल, पिथौरागढ़ तथा मसूरी और अल्मोड़ा में ड्रोन सर्व का कार्य भी पूरा हो चुका है और अब जमीनी सर्वेक्षण शुरू हो चुका है। शहरी विकास विभाग ने इस कार्य के लिए निजी कम्पनी रामा टैक साफ्टवेयर साल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड से अधिकृत किया है,साथ ही यह सर्वे कार्य पूर्णता नि:शुल्क है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## तीन दिवसीय क्रेस्ट एंड क्राफ्ट कार्निवल का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के फ्रीमेंशन हाल में लक्षिता साह, परुमिता साह, कल्याणी गंगोला और स्वास्तिका कार्की द्वारा तीन दिवसीय क्रेस्ट एंड क्राफ्ट कार्निवल का आयोजन किया गया है।

बता दें कि यह कार्निवल उन स्वतंत्र कलाकारों और छोटे व्यवसायों को एक मंच देता है जो हस्तनिर्मित वस्तुएं बनाने में दिलचस्पी रखते हैं। तीन दिवसीय इस कार्निवल का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया और रविवार (आज) को इसका समापन किया जायेगा।

आयोजक मंडल की लक्षिता साह ने बताया कि वह साल में दो बार इन कारीगरों के शिल्प कौशल का जश्न मनाने के लिए एकत्रित होते हैं और उनकी अनूठी कृतियों को दुनिया के सामने प्रदर्शित करते हैं जिसमें आभूषण, चित्रित कलाकृतियां तथा घरेलू सजावट की वस्तुएं,शिल्पकला व कपड़े और खाद्य व्यंजन आदि उत्पाद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि



अभी तक इसका काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है और हम चाहते है कि इसे व्यापक रूप से अन्य जगहों पर भी लगाए ताकि उत्पादकों को अधिक लाभ मिल सके और उनका अधिक प्रसार हो पाए। कार्निवल में कुल 18 उत्पादकों ने अपनी प्रदर्शनी लगाई है जिसमें फु लारी, परुमीता फॉर आर्ट, हैंड क्राफ्टेड ड्रीम, सारंग, पदार्थ, मुस्कोटिया फार्म्स, सतयुग कलेक्शन, सिल्वर मिस्ट, स्नोव्यू ऑर्चर्ड तथा कुमाउं खंड, सारा क्राफ्ट, वीव्ड बाय दीक्षा, हिल क्राफ्ट, दीक्षा हैंडीक्राफ्ट, वसुधारा, हिमानी कॉर्नर, स्वास्तिक केयर और एस्ट्रो गैस्ट्रोनॉमी शामिल हैं।

## स्मैक समेत तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

पुलिस ने एक युवक को चेकिंग के दौरान हजारों रुपए की स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। वनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी अपने दलबल के साथ चोर गलियां रोड रेलवे फाटक के पास वाहन चेकिंग अभियान चला रहे थे तभी एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने भाग रहे युवक को धर दबोचा। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 9.54 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए युवक ने अपना नाम शराफत हुसैन उर्फ कबाड़ी पुत्र लियाकत हुसैन निवासी गफूर बस्ती थाना वनभूलपुरा बताया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह स्मैक बहेड़ी किच्छा आदि क्षेत्रों से सस्ते दामों में स्मैक खरीद कर लाता है और यहां महंगे दामों में बेचता है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। थाना प्रभारी नीरज भाकुनी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी इससे पूर्व में भी जेल जा चुका है सफलता पाने वाली टीम में एस आई निधि शर्मा, कांस्टेबल मोहम्मद यासीन, भूपेंद्र आदि शामिल थे।



# अभिमत



## सतर्कता जरूरी

*योगासन, प्राकृतिक चिकित्सा और आयुर्वेद भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति है। एलोपैथी के साइड इफेक्ट के दुष्प्रभाव से बचने के लिए पाश्चात्य देश भी योगासन को अपना रहे हैं। एलोपैथी के डाक्टर व्यायाम को फिजियोथेरेपी कहते हैं। अस्थमा के रोगियों के फेफड़ों को बल प्रदान करने के लिए प्राणायाम को ब्रीथिंग एक्सरसाइज कहते हैं। वैक्सीन के साइड इफेक्ट से चर्म रोग के लिए प्राकृतिक चिकित्सा और रक्तचाप, हृदय, सांस आदि रोग के लिए योगासन से स्वास्थ्य लाभ होगा। इम्युनिटी के लिए फास्ट फूड तथा हानिकारक खान-पान के प्रति सतर्कता की जरूरत है। वैक्सीन को दोषी ठहराना अनुचित होगा।*

कोरोना वायरस के प्रकोप से लाखों लोगों की मौत होने पर बचाव के लिए वैक्सीन के इस्तेमाल को गलत नहीं ठहराया जा सकता है। भारत में ज्यादा से ज्यादा लोगों को निशुल्क वैक्सीन उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जितनी भी प्रशंसा की जाये, वह कम है। जब प्रतिदिन हजारों लोग मर रहे थे और पूरी दुनिया में हाहाकार मचा हुआ था, तब वैक्सीन के अलावा कोई उपाय नहीं था। जिन वैज्ञानिकों ने शोध करके वैक्सीन तैयार की, उनकी सराहना की जानी चाहिए। अब वैक्सीन के साइड इफेक्ट का अध्ययन करने वाले भी सही हैं, लेकिन अनावश्यक डरने की जरूरत नहीं है। एलोपैथी की हर दवा का साइड इफेक्ट होता है। कोविशील्ड वैक्सीन के साइड इफेक्ट की जानकारी होने के बाद अब कोवैक्सीन के बारे में अध्ययन किया गया है। वैक्सीन का इस्तेमाल करने वाले कुछ लोगों को सांस संबंधी संक्रमण, चर्म रोग, एलर्जी, खून का थक्का जमने की शिकायत बताई जा रही है। वैश्विक महामारी कोरोना का प्रकोप जब चरम पर था तो मरने वालों में कुछ बीमारियां पहले से थीं। डायबिटीज, हृदय रोग, लीवर, रक्तचाप से ग्रसित लोगों की मृत्यु दर अधिक थी। पहले से बीमार लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम थी। इम्युनिटी प्रबल होने वाले लोग जल्द स्वस्थ हो गये थे। कोरोना वायरस का प्रकोप लगभग खत्म हो चुका है। अब वैक्सीन की जरूरत नहीं है। वैज्ञानिक लगातार शोध करते रहते हैं। वैज्ञानिकों ने हृदय रोगियों पर शोध किया और इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि दवा के साथ जिन मरीजों को योगासन कराया गया, उन मरीजों पर दवा का प्रभाव ज्यादा हुआ। इसी तरह अन्य बीमारियों से पीड़ितों के बारे में अध्ययन से पता चला कि दवा के साथ योगासन और प्राकृतिक चिकित्सा से स्वास्थ्य लाभ होता है। कोरोना के डेल्टा वैरिएंट से भारत में सबसे अधिक लोग मरे थे। उस दौरान मरीजों को आक्सीजन की जरूरत थी। अस्पताल में आक्सीजन के साथ ही फेफड़ों को बल प्रदान करने के लिए योगासन की सलाह दी गई और मरीज जल्द स्वस्थ हो गये। योगासन, प्राकृतिक चिकित्सा और आयुर्वेद भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति है। एलोपैथी के साइड इफेक्ट के दुष्प्रभाव से बचने के लिए पाश्चात्य देश भी योगासन को अपना रहे हैं। एलोपैथी के डाक्टर व्यायाम को फिजियोथेरेपी कहते हैं। अस्थमा के रोगियों के फेफड़ों को बल प्रदान करने के लिए प्राणायाम को ब्रीथिंग एक्सरसाइज कहते हैं। वैक्सीन के साइड इफेक्ट से चर्म रोग के लिए प्राकृतिक चिकित्सा और रक्तचाप, हृदय, सांस आदि रोग के लिए योगासन से स्वास्थ्य लाभ होगा। इम्युनिटी के लिए फास्ट फूड तथा हानिकारक खान-पान के प्रति सतर्कता की जरूरत है। वैक्सीन को दोषी ठहराना अनुचित होगा।

# डीएम और एसएसपी ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना की व्यवस्थाओं का जायजा लेने जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने अधिकारियों के साथ बगवाड़ा मंडी पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण के बाद बैठक लेते हुए बैरिकेडिंग, टैन्ट, पेयजल, खानपान ,विद्युत, इंटरनेट, पार्किंग एवं सफाई आदि सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश नोडल अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना कक्ष में मोबाइल पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा इसलिए मतगणना एजेन्ट व कार्मिक अपना मोबाइल घर पर ही रखकर आयें या प्रवेश करने से पहले जमा कराना होगा। प्रथम एंट्री के पास मोबाइल जमा काउंटर बनाये जायें।मतगणना केन्द्र में केवल तैनात किये गये एजेन्ट व कार्मिक ही प्रवेश करेंगे, दोनों की एंट्री अलग-अलग मार्ग से कराने हेतु बैरिकेडिंग बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना सीसीटीवी व वीडियोग्राफी की निगरानी में होगी ।उन्होने कहा कि मतगणना स्थल में पार्किंग, पेयजल व्यवस्था व चिकित्सा स्टॉल की व्यवस्था भी करने के निर्देश पुलिस व स्वास्थ्य विभाग को दिए। डीएम ने कहा कि आगामी 4 जून को सुबह 8 बजे से मतगणना प्रारम्भ होगी। प्रत्येक विधानसभा में 14-14 टेबलों पर में मतगणना की जायेगी तथा 40 टेबल में ईटीपीबीएस की स्केनिंग होगी तथा 34 टेबल में पोस्टल बैलेट की मतगणना की जायेगी। बताया कि ने सुबह 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गणना प्रारम्भ होंगी तथा उसके आधे घंटे के बाद ईवीएम मशीन की मतगणना प्रारंभ होगी, इसलिए सभी प्रत्याशी ऐजेन्ट सुबह 6बजे अनिवार्य रूप से मतगणना स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। जो एजेन्ट जिस विधानसभा व जिस टेबल के लिए तैनात किए जायेंगे वे उसी टेबल पर तैनात रहेंगे अनावश्यक इधर-उधर कतई नहीं जायेंगे यह सुनिश्चित कर लिया जाए। एसएसपी ने कहा कि मतगणना की थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था लगाई गयी हैं, साथ ही परिसर व बाहर भी पर्याप्त सुरक्षा बल लगाया गया है। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के, जिला उप निर्वाचन अधिकारी अशोक जोशी, एसपी सिटी मनोज कत्याल, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, विवेक राय, सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा, एआरओ मनीष बिष्ट, नोडल खानपान श्याम आर्य आदि अधिकारी मौजूद रहे।

**निर्देश**

- नोडल अधिकारी को व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश

## पत्रकार नवीन पालीवाल के पिता के निधन पर शोक

**नैनीताल।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद नैनीताल की ऑनलाइन वर्चुअल बैठक में नगर के पत्रकार नवीन पालीवाल के पिता लीलाधर पालीवाल (81) के निधन पर शोक व्यक्त किया गया।

राज्य कर्मचारी संघ परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता परिषद के संरक्षक बहादुर सिंह बिष्ट के द्वारा की गई। बैठक में परिषद के द्वारा आगामी समय मे होने वाले क्रियाकलापों के संबंध में भी व्यापक विचार-विमर्श में किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा विगत दिनों नगर के पत्रकार नवीन पालीवाल के पिता के देहांत होने पर गहरा शोकं व्यक्त किया गया। तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। बैठक में प्रांतीय विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष भूपाल सिंह करायत, जगमोहन रौतेला, कमल रौतेला, मनोज बिष्ट, इसरार बेग, गणेश सिंह बिष्ट, डा.मोहित सनवाल, दीपक बिष्ट,संजय कनवाल, विजय शाह, प्रताप मनराल, त्रिलोक सिंह रौतेला सहित कई कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी वंदना सिंह ने मतगणना व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए अधिकारियों के साथ की बैठक

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



जिलाधिकारी वंदना सिंह ने एमबी पीजी कॉलेज, हल्द्वानी में स्थापित मतगणना कक्षों का स्थलीय निरीक्षण किया और 4 जून 2024 को मतगणना दिवस की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के संबंध विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की।

निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी ईई अशोक कुमार चौधरी को मतगणना कक्षों की व्यवस्थाओं को अतिशीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कल शाम तक मतगणना कक्ष में साफ-सफाई, लाइटिंग, कूलर-पंखे, गणना के लिए पिजन हॉल, कवरेज के लिए सीसीटीवी कैमरे आदि मूलभूत व्यवस्थाओं को निश्चित रूप से स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। डीएम वंदना ने अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान को ईई पीडब्ल्यूडी के कार्यों के निरीक्षण और सत्यापन की जिम्मेदारी सौंपी। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि मतगणना कक्षों तक पार्टी एजेंटों और मतगणना कार्मिकों व अन्य अधिकारियों को एमबी पीजी कॉलेज में अपने गंतव्य तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए पीडब्ल्यूडी ईई को साइनेज फ्लैक्सी लगाने के निर्देश दिए।

निर्बाध सीसीटीवी कवरेज के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने यूपीसीएल अधिकारी को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि मतगणना के दिन एमबी पीजी कॉलेज हल्द्वानी में बिजली कटौती न हो इसकी व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित कर लें। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी दायित्वधारियों को पूर्ण तन्मयता के साथ सौंपी गई जिम्मेदारियां का निर्वहन करने की अपील की। इस दौरान में अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, उपजिलाधिकारी पारितोष वर्मा व राहुल शाह, उप नगर आयुक्त तुषार सैनी आदि अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## सौरव गुप्ता के आरोपों पर सनी देओल के वकील का पलटवार



*सनी देओल के खिलाफ बीते दिन फिल्म निर्माता सौरव गुप्ता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिससे सुपरस्टार की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। सौरव गुप्ता ने कहा कि साल 2016 में सनी ने पैसे लेने के बाद भी उनकी फिल्म की शूटिंग नहीं की। न ही अभिनेता ने उनके पैसे वापस लौटाए। अभिनेता के वादे से मुकरने के बाद सौरव को पुलिस स्टेशन जाना पड़ा। जहां, सनी ने अब तक इस मुद्दे पर चुप्पी साधी हुई है, वहीं उनके वकील रिजवान मर्चेंट ने मीडिया से बात करते हुए अभिनेता का पक्ष साफ किया है। गोपनीय जानकारी का खुलासा करने से बचते हुए रिजवान मर्चेंट ने कहा कि मामले का कोई आधार नहीं है। उन्होंने बताया कि 2016-2024 के बीच उनके मुवक्किल ने ऐसा कोई कॉन्ट्रैक्ट साइन नहीं किया है। यह सब सिर्फ उनकी छवि को धूमिल करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2016 में, दोनों पक्षों (सनी देओल और सौरव गुप्ता) के बीच एक कानूनी अनुबंध तैयार किया गया था जिसमें सभी मौद्रिक मुआवजे और कानूनी परिणामों का उल्लेख किया गया था। रिजवान ने अपनी बात में आगे जोड़ा, %जब वह मुआवजा नहीं आया, तो दूसरे पक्ष (सौरव गुप्ता) को एक डिमांड नोटिस भेजा गया, जिसमें उल्लेख किया गया था कि यदि राशि का भुगतान नहीं किया गया, तो अनुबंध समाप्त कर दिया जाएगा और राशि जब्त कर ली जाएगी। इसके बाद एक और मांग नोटिस भेजा गया और दोनों का उत्तर नहीं आया। फिर अनुबंध समाप्त कर दिया गया (जैसा कि अनुबंध में उल्लेख किया गया था) और राशि जब्त कर ली गई। हालांकि, फिर भी, सिविल कोर्ट में इसे कोई चुनौती नहीं दी गई। टर्मिनेशन नोटिस का भी कोई जवाब नहीं दिया गया।*

### मसौदा तैयार किया

*निर्माता और सनी देओल के करीबी सहयोगी विशाल राणा ने साफ किया है कि वह उसी अनुबंध के गवाह थे जब 2016 में इसका मसौदा तैयार किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि उस समय, शिकायतकर्ता सौरव गुप्ता ने सनी को बताया था कि उनकी पत्नी एक अभिनेत्री हैं, जो फिलहाल मुंबई में नहीं हैं, इसलिए वह कॉन्ट्रैक्ट ले लेंगे और अगले सोमवार को लौटा देंगे। राणा कहते हैं, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ।*

# आदि कैलाश यात्रा के सातवें दल के पिथौरागढ़ पहुंचने पर किया स्वागत

पिथौरागढ़/नैनीताल

हमारे संवाददाता

पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में शनिवार को आदि कैलाश यात्रा के सातवें दल के पहुंचने पर कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक दिनेश गुररानी के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने माला पहनाकर व जूस पिलाकर यात्रियों का स्वागत किया।

इससे पूर्व यात्रियों ने प्रातः शिव मंदिर में पूजा अर्चना की। दिनेश गुररानी ने यात्रियों को हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई व शपथ रजिस्टर भरवाया। यात्रियों को उच्च हिमालय क्षेत्र में पौधारोपण हेतु पौधे दिए गए। यात्रियों को हिमालय क्षेत्र में गंदगी न करने व पड़े हुए कूड़े को इकट्ठा कर वापस धारचूला लाकर निस्तारण करने हेतु भी शपथ दिलाई गई। यात्रियों ने कहा कि व हिमालय में कूड़ा भी साफ करेंगे और वापसी पर अपने घर पर पौधारोपण भी करेंगे। यात्रा दल नाश्ता करने के उपरांत धारचूला को रवाना हो गया। इधर दिनेश गुररानी ने बताया कि आदि कैलाश यात्रा छठे दल के यात्रियों ने नाभीढांग समेत जौलिगकौंग तथा गुंजी व कालापानी में पौधारोपण किया। यात्रा दल में 15 महिलाएं और 14 पुरुष शामिल रहे। यात्रा दल में कोऑर्डिनेटर में महिला गाइड गंगोत्री बिष्ट शामिल रही।



News कॉर्नर

## व्यापारी स्वामी श्याम अरोरा हृदय गति रुकने से मौत



नैनीताल। तल्लीताल व्यापार मंडल के व्यापारी किप्स कम्युनिकेशन के स्वामी श्याम अरोरा का बीती रोज शनिवार को रात्रि लगभग 8:00 बजे हृदय गति रुकने से निधन की खबर से शहर में मातम पसर गया। मृतक की आत्मा की शांति के लिए संवेदना व्यक्त करने वालों में विधायक सरिता आर्या, व्यापार मंडल अध्यक्ष मारुति नंदन शाह, उपाध्यक्ष नासिर खान, महिला उपाध्यक्ष ममता जोशी, महामंत्री अमनदीप आनंद, उपसचिव जयंत उप्रेती, कोषाध्यक्ष हरीश लाल, सुखदीप आनंद, दिनेश कर्नाटक पप्पू विक्की लाम्बा, महफूज सिद्दीकी, संतबीर सिंह, हनी छाबड़ा, बृजेश छाबड़ा, महेश सचदेवा, पाली भाई, राजू बिष्ट, सहित सभी व्यापारियों ने शोक व्यक्त कर श्यामू को श्रद्धांजलि दी है।

# एसओजी टीम को कुचलने का प्रयास, एक पुलिस कर्मी चोटिल

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

घटना

● गदरपुर रोड पर संदिग्ध कार को रोकने का किया था प्रयास

शनिवार की रात एसओजी टीम ने गदरपुर रोड पर एक संदिग्ध कार को रोकने का प्रयास किया तो कार चालक ने टीम को कुचलने के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है।

हालांकि टीम ने जान जोखिम में डालते हुए कार को पीछा करते हुए कुछ दूरी पर पकड़ लिया। लेकिन टक्कर मार कर भागने में सफल हो गए। इस दौरान एक पुलिस कर्मी चोटिल हो गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक शनिवार की रात एसआई सुरेन्द्र रिंगवाल के नेतृत्व में ललित कुमार,नीरज भोज,पंकज बिनवाल सरकारी वाहन में और निजी वाहन में हेड कांस्टेबल भुवन पाण्डेय,हरीश गोस्वामी, विनोद खत्री, सन्तोष रावत देखरेख शान्ति व्यवस्था व रोकथाम को क्षेत्र में चैकिंग कर रहे। तेल मिल के पास पहुंचे तो मुखबिर ने सूचना दी कि 30 म शई पंतनगर थाना क्षेत्र में बाईक लूट की घटना में शामिल अपराधी बिना नम्बर की ईको स्पोर्टस गाड़ी से डिबडिबा से रुद्रपुर की तरफ आ रहे हैं और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। कार ईको स्पोर्टस को जसकरन निवासी ईसानगर थाना बिलासपुर यूपी चला रहा है।

उसके साथ दो अन्य व्यक्ति भी बैठे हुए है । इसी बीच एक वाहन ईको स्पोर्टस बिना नम्बर प्लेट रंग सफेद तेज गति से हाईवे से आते दिखाई दी। जिसे रुकने का इशारा किया तो वाहन ईको स्पोर्टस रंग सफेद बिना नम्बर प्लेट के चालक ने और अधिक गति से भगाकर रुद्रपुर की ओर ले गया। टीम ने वाहन का पीछा करते हुए उक्त वाहन को गाबा चौक घेर लिया। बताया जाता है कि निजी वाहन में बैठे हेड कांस्टेबल भुवन पाण्डेय,व विनोद खत्री ने उतरकर उक्त गाड़ी में बैठे लोगों को उतरने कहा तो ईको स्पोर्टस चालक ने पीछे पुलिस कर्मियों के निजी वाहन को टक्कर मारकर पुलिस वालों के ऊपर चढाने का प्रयास किया।

हेड कांस्टेबल भुवन पांडे चोटिल हो गए। उक्त वाहन ईको स्पोर्टस में बैठे व्यक्ति कार चालक जसकरन और कार में बैठे अन्य दो व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए। पुलिस ने उक्त लोगों की को तलाश की, मगर सुराग नहीं लगा। एसआई की ओर से उक्त लोगों के खिलाफ धारा 307 समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

# मोहनगांव में आधार कार्ड अपडेट के लिए लगाया कैंप

नैनीताल/धारी

हमारे संवाददाता

ओखलकांडा ब्लॉक के दूरस्थ गांव भुमका, महतोली, भीडापानी, हरिनगर के बाद आज ग्राम सभा थली मोहनगांव में आधार कार्ड अपडेट का कैंप लगाया गया ।

ग्राम सभा भुमका के ग्राम प्रधान मुकेश चन्द्र बौद्ध ने कहा कि ग्राम वासियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उक्त कैंप लगाया गया, क्योंकि आधार कार्ड अपडेट ना होने से लोगों को कई सारी समस्याएं आ रही थी जैसे स्कॉलरशिप, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, किसान पेंशन या फिर मनरेगा जॉब कार्ड ही क्यों ना हो लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए प्रधान द्वारा चोदह दिसंबर 2023 को जिलाधिकारी महोदय से मुलाकात की गई तत्पश्चात उनके द्वारा 27 /12/2023 को डिस्ट्रिक्ट मैनेजर विकास शर्मा को कहा गया कि उक्त ग्रामीण क्षेत्र में आधार कार्ड का कैंप लगाया जाए। विकास शर्मा द्वारा भुवन बहुगुणा जो कि वर्तमान में तहसील खनस्यु में कार्यरत हैं उनको कहा गया कि प्रधान जी से संपर्क कर ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप लगाएं।

ग्राम प्रधान भुमका ने जिलाधिकारी महोदय नैनीताल एवं डिस्ट्रिक्ट मैनेजर नैनीताल का धन्यवाद किया। मनोज सिंह वन पंचायत सरपंच मोहना गांव द्वारा कहा गया कि यहां के ग्रामीणों को आधार कार्ड अपडेट करने के लिए धारी, भीमताल या हल्द्वानी जाना पड़ता था जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था एवं समय से उनके आधार कार्ड अपडेट भी नहीं हो पाते थे।

वर्तमान में गांव में कैंप लगने से तमाम बच्चों एवं बुजुर्गों को इन समस्याओं से निजात मिली है। शनिवार को भीड़ापानी के सीएससी संचालक नन्दन लाल मोहनगांव के नवीन चंद्र,मनोहर लाल, देव राम, महेश चंद्र एवं वीरेंद्र चंद्र आदि लोग उपस्थित रहे एवं कई लोगो के बच्चों के आधार अपडेट किए गए। गांव के लोगों द्वारा ग्राम प्रधान भुमका मुकेश चंद्र बौद्ध का धन्यवाद अदा किया गया।



# पुलिस ने टुकटुक से बैटरी चोरी करने वाले को गिरफ्तार किया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



कार्रवाई

● बगवाड़ा मंडी में खड़ा टुकटुक से चारों बैटरी चोरी का मामला

कोतवाली पुलिस ने टुकटुक से चारों बैटरी चोरी करने वाले को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चुराई गई बैटरी समेत एक टुकटुक बरामद किया। पुलिस ने उसे कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक 28 मई को बगवाड़ा मंडी कैंटीन के पास खड़ा टुकटुक से चारों बैटरी हो गई थी। इस मामले में टुकटुक चालक करन ट्रांजिट कैंप निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने बगवाड़ा मंडी में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। पुलिस के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली कि करतारपुर रोड पर एक व्यक्ति खड़ा है और उसके पास बैटरी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उस व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम आकाश पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम आनन्दीपुर थाना देवरनिया जिला बरेली यूपी बताया। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पूछताछ में उसने यूके 06 ईआर-0145 मे रखी बैटरी चोरी करने की बात कबूल की। उसके पास से बरामद घटना में प्रयुक्त ई रिकशा को सीज कर दिया। कोतवाल ने बताया कि गिरफ्तार चोर यूपी का शातिर है। उसका अपराधिक रिकॉर्ड भी देखा जा रहा है। टीम में कोतवाल के अलावा चौकी प्रभारी बगवाड़ा जितेन्द्र कुमार, एसआई मोहन चन्द्र जोशी, ललित मोहन,हरीश कुमार, गणेश गिरि आदि शामिल थे।

# पुलिस ने दबोचा सटोरिया, नगदी बरामद की

हल्द्वानी। पुलिस ने एक सटोरिए को सट्टा लगाते हुए रंगे हाथ दबोच लिया। उसके पास से एक मोबाइल और हजारों रुपए की नगदी बरामद की है। बनभूलपुरा थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी।

जब पुलिस गफूर बस्ती निवासी बाबू के घर के पास पहुंची तो पहुंची तभी मुखबिर ने पुलिस को बताया कि एक युवक सट्टा खिला रहा है जिस पर पुलिस ने वहां पर दबिश देकर खाईबाड़ उस्मान उर्फ घोड़ा पुत्र मोहम्मद उमर निवासी मलिक का बगीचा को सट्टा खिलाते हुए रंगे हाथ दबोच लिया। उसके पास से एक मोबाइल और एक हजार एक सो दस रूपए की नगदी बरादम हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# मांग: बिजली-पानी और कूड़े की समस्या को लेकर सड़क पर उतरे लोग



हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

इंद्रानगर बड़ी रोड दुर्गा मंदिर बरसाती के बीच पीड़ित जनता अपने घरों के सामने अरबाज़ खान निर्वाचित जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस के नेतृत्व मे जमकर विद्युत विभाग और जल संस्थान,नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी की अरबाज़ ने बताया हल्द्वानी शहर के अंदर सबसे घनी आबादी वाला क्षेत्र इंद्रानगर है।

भयंकर गर्मी के बीच लगातार कई दिनों से जनता बिजली-पानी और सड़क कूड़े की समस्या से परेशान है पानी आता है तो बिजली नहीं आती और बिजली आती है तो पानी नहीं आता, विद्युत विभाग और जलसंस्थान अधिकारियों से लगातार सम्पर्क मे हैं मगर जनता की परेशानी का हल किसी के पास नहीं नज़र आ रहा और एक बड़ी आबादी आम जनमानस की इस समस्या से प्रभावित हो रही है और सड़कों पर पड़े कूड़े से बीमारियां फैलने का खतरा है।

जनता का ये भी कहना है की कई दिनों से इंद्रानगर दुर्गा मंदिर से बरसाती तक पानी नहीं आया है टैंकरों से की जा रही पानी की वैकल्पिक व्यवस्था इतनी बड़ी आबादी के बीच ऊंट के मुंह में जीरा के समान प्रतीत हो रही है। विद्युत विभाग,जल संस्थान और नगर निगम अधिकारीयों से अनुरोध है इस समस्या का जल्द समाधान कराए इस मौके पर रईस गफ्फारी, फहीम, तस्लीम अंसारी, रेहमान अंसारी,सालिम सिद्दीकी, इक़बाल चौधरी, नईम, शकीला बानो, लाडो बानो, सोमवती, अनवरी,इरफ़ान अली, सुषमा देवी, कुसुम, विमला, समीर, रिज़वान, शाहनवाज़, सोमवती, विमला, बुधनी, हाजी उमर चौधरी, इसरार,सुनीता,पूनम,मुन्नी देवी, बंटी समस्त क्षेत्र की जनता शामिल थीं।

# एमबीपीजी कालेज में मतगणना के दिन नहीं होगी बिजली कटौती

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



लोकसभा चुनाव की मतगणना को अब मात्र एक दिन शेष रह गया है। ऐसे में प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां जोरशोर से की जा रही हैं। इस क्रम में जिलाधिकारी वंदना सिंह ने एमबी पीजी कॉलेज में मतगणना कक्षों का निरीक्षण किया और 4 जून को मतगणना दिवस की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के संबंध विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। निरीक्षण के दौरान डीएम ने लोनिवि ईई अशोक कुमार चौधरी को मतगणना कक्षों की व्यवस्थाओं को अतिशीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मतगणना कक्ष में साफ-सफाई, लाइटिंग, कूलर-पंखे, वीवीपेट गणना के लिए पिजन हॉल, कवरेज के लिए सीसीटीवी कैमरे आदि मूलभूत व्यवस्थाओं को समय से पहले पूरा किया जाए। डीएम वंदना ने अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान को ईई पीडब्ल्यूडी के कार्यों के निरीक्षण और सत्यापन की जिम्मेदारी सौंपी। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि मतगणना कक्षों तक पार्टी एजेंटों और मतगणना कार्मिकों व अन्य अधिकारियों को एमबी पीजी कॉलेज में अपने गंतव्य तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए पीडब्ल्यूडी ईई को साइनेज फ्लैक्सी लगाने के निर्देश दिए। निर्बाध सीसीटीवी कवरेज के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने यूपीसीएल अधिकारी को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि मतगणना के दिन एमबी पीजी कॉलेज हल्द्वानी में बिजली कटौती न हो इसकी व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित कर लें। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी दायित्वधारियों को पूर्ण तन्मयता के साथ सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन करने को कहा। इस दौरान में सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा व राहुल शाह, उप नगर आयुक्त तुषार सैनी आदि मौजूद थे।

# ऑल सेंट्स कॉलेज का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह शनिवार से शुरु

नैनीताल

हमारे संवाददाता



शिक्षा नगरी नैनीताल शहर का प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कॉलेज का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह शनिवार से शुरु हो गया है। पहले दिन कालेज की छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा नाटकों का मंचन कर दर्शकों को अंत तक बैठने के लिए मजबूर कर दिया।

इस पूर्व समारोह की शुरूआत ईश्वर वंदना देयर शॉल बी शावर्स ऑफ ब्लेसिंग्स में किये गये नृत्य से हुई। इसके बाद छात्राओं ने भारतवर्ष की अनूठी पारंपरिक विरासत का प्रतीक शास्त्रीय नृत्य कथक जो कि प्राचीनकाल में मंदिरों में पवित्र अनुष्ठान के रूप में किया जाता थाए प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को अभिभूत कर दिया। छात्राओं ने कुमाऊं का लोक नृत्य भी प्रस्तुत किया और दर्शकों को उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति व सांप्रदायिक सौहार्द से रूबरू कराया और इस अद्भुत माध्यम से आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़े रहने का सन्देश भी दिया। वार्षिकोत्सव समारोह का मुख्य आकर्षण अमेरिकी संगीतमय ड्रामा साउंड ऑफ म्यूजिक का मंचन रहा जिसमे ओशीन मालिक, रवमेहेर कौर, स्निग्धा पांडे, संजना पंत, हिमांशी ढींगरा, लावण्या अग्रवाल, आकर्शि निगम, एरा ढाका, समायरा सिद्धू तथा आन्या त्यागी, समायरा नरूला व कई अन्य छात्राओं ने भूमिका निभाई व सभी दर्शकों की वाह. वाही बटोरी। इसके अलावा डायोसेज ऑफ आगरा के गवर्निंग बॉडी के सदस्य जे एस जरमाया, सेंट जॉर्जेस आगरा के प्रधानाचार्य अक्षय जरमाया, सेंट जोसेफ कॉलेज नैनीताल के प्रधानाचार्य ब्रदर जेरोम, बिरला विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा, सेंट पॉल मुरादाबाद के प्रधानाचार्य डॉ पीटर इमैनुएल, ब्रदर बेडो, ब्रदर कोलाको, रेवरेंड मुन्नवर और बड़ी संख्या में पूर्व छात्राओं समेत वर्तमान छात्राओं के अभिभावक तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। संचालन जिजीविषा शर्मा, मौली श्रीधर और नव्या सिंह समेत नीमा उपाध्याय ने किया। इससे पूर्व ऑल सेंट्स कॉलेज की प्रधानाचार्या किरन जरमाया ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व उनका आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कार्यक्रमों के सफल मंचन पर सभी छात्राओंए शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों को बधाई दी।